हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 26 दिसंबर 2023

04 घोड़ाडोंगरी नप में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों ...




07 चांदी-गुरारी पंचायत की सड़कों में घरों का बह...





## सुरम्यवादियों में नए साल का आगाज...



**पचमढ़ी।** नववर्ष के आगाज के पहले हिल स्टेशन पचमढ़ी की सुरम्यवादियां सैलानियों से भर गई है। 25 दिसंबर को छुट्टी का दिन होने के कारण धूपगढ़ पाइंट में सनसेट का नजारा देखने हजारों की संख्या में सैलानी पहुंचे। वहीं हिल स्टेशन में नववर्ष का जश्न मनाने वालों की कतार लगी है। पचमढ़ी की सभी होटलों मे एडवांस बुकिंग की जा चुकी है। 29 दिसंबर से 1 जनवरी तक पचमढ़ी उत्सव मनाया जाएगा। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम सैलानियों का मनोरंजन करेंगे। 29 दिसंबर को पचमढ़ी उत्सव का शुभारंभ होगा। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ ही फूड फेस्टिवल, स्टार गेजिंग का आयोजन होगा। 30 दिसंबर पचमढ़ी रन के साथ आर्मी बैंड की प्रस्तुति होगी।

# मंत्री मंडल से फिर अछूता रहा नर्मदापुरम जिला

## नर्मदापुरम-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र से मोहन मंत्री मंडल में शामिल हुए तीन मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

प्रदेश में सोमवार को हुए मंत्रीमंडल के गठन के बाद नर्मदापुरम संभाग अछूता रह गया। संभाग से एक भी विधायक को मंत्री मंडल में शामिल नहीं किया गया। इस बार हरदा जिले से भाजपा की हार से नर्मदापुरम को मंत्रीमंडल में स्थान देकर तबज्जों मिलने की उम्मीद नर्मदापुरम जिले के लोगों को थी। लेकिन सोमवार को हुए सपथ समारोह के बाद जिले के लोगों में निराशा की स्थिति बन गई।

### नर्मदापुरम की सभी सीटें भाजपा के पास

वैसे तो नर्मदापुरम जिला भाजपा का गढ़ माना जाता है। इसी का परिणाम है विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा के सभी विधायक जीत का परचम दोबारा लहरा चुके हैं। होशंगाबाद विधानसभा सीट से डॉ सीतासरन शर्मा छह बार जीते हैं, जबकि सोहागपुर से ठाकुर विजयपाल सिंह चार बार, पिपरिया से ठाकुरदास नागवंशी चार बार और सिवनी मालवा से प्रेमशंकर वर्मा तीसरी बार जीत मिली है। ऐसे में हरदा जिले में भाजपा की हार से कयास लगाए जा रहे थे कि इस बार नर्मदापुरम जिले के किसी विधायक को मंत्रीमंडल में स्थान मिलना निश्चित है।





### संसदीय क्षेत्र से तीन मंत्री

नर्मदापुरम-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र प्रदेश को तीन मंत्री मिले हैं, जिसमें नरसिंहपुर से प्रहलाद पटेल, गाडरवाड़ा से राव उदय प्रताप सिंह और उदयपुरा विधानसभा सीट से राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल को बनाया है।

### बैतूल की सभी सीटें भाजपा के कब्जे में

नर्मदापुरम जिले में सभी सीटों पर भाजपा की जीत हुई है, ठीक उसी प्रकार बैतूल जिले के सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा रहा। ऐसे में बैतूल से विधायक हेमंत खंडेलवाल, होशंगाबाद से डॉ सीतासरन शर्मा, सोहागपुर से विजयपाल सिंह को मोहन मंत्रीमंडल में जगह मिलना तय लग रहा था। लेकिन शपथ ग्रहण के बाद स्थिति स्पष्ट हो गई। बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले को कोई मंत्री नहीं मिलने के कारण भाजपा कार्यकर्ता और आमजनता में निराशा का छा गई है।

### सांसद रहे उदय प्रताप को मंत्री मंडल में मिली जगह

नर्मदापुरम-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद रहे राव उदय प्रताप सिंह को मंत्री मंडल में जगह मिली है। उन्होंने सोमवार को शपथ भी ली। राव उदय प्रताप सिंह नर्मदापुरम-नरसिंहपुर से सांसद थे जिन्हें गाडरवाड़ा विधानसभा सीट से विधायक का चुनाव लड़वाया था जिसमें वह जीते और इसका परिणाम उन्हें मंत्री मंडल में जगह मिली।

### कुल 11 विधानसभा सीटें

नर्मदापुरम संभाग में वर्ष 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में कुल 11 सीटे शामिल हैं जिसमें हरदा की दो विधानसभा सीटों को छोड़कर बाकी 9 सीटे भाजपा के कब्जे में हैं। जबकि हरदा और टिमरनी विधानसभी सीट पर कांग्रेस की जीत हुई है। पुरानी सरकार में हरदा विधायक कमल पटैल प्रदेश में कृषि मंत्री के पद पर रह चुके हैं।

## स्वच्छ भारत और निर्मल नर्मदा की शपथ दिलाई

# नर्मदा नगरी को स्वच्छ करने दौड़े नर्मदापुरम के 350 धावक

सोमवार को नर्मदापुरम के पुलिस ग्राउंड से 350 धावकों का दल नर्मदा को स्वच्छ और निर्मल करने की शपथ लेकर दौड़ा। यह आयोजन अतुल्यम वेलफेयर सोसायटी द्वारा किया।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

मां नर्मदा की नगरी को स्वच्छ और साफ रखने सोमवार को नर्मदापुरम सड़कों पर दौड़ा। अलसुबह पुलिस परेड़ ग्राउंड पर रन नर्मदापुरम रन का आयोजन हुआ। जिसका उद्देश्य मां नर्मदा की स्वच्छता एवं युवाओं को खेल की और प्रेरित करना था। इस हेतु अतुल्यम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित रन नर्मदापुरम रन 2023 संपन्न कराया गया। जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आध्या तिवारी, विश्वजीत कुशवाहा एवं नोएल चेरियन द्वारा किया गया। जिसमें संजय यदुवंशी 100 मीटर तेज दौड़ मे निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे।

### 16 आयु वर्ष कम में यह रहे टॉपर

16 से कम आयु वाले वर्ग में बच्चों में प्रथम स्थान पर हरिओम पटेल एवं कम आयु वाले बच्चों में महिला वर्ग में स्वाति एवं 45 उम्र से अधिक कैटेगरी में केएन त्रिपाठी प्रथम पुरुष एवं सुनीता सिंह प्रथम महिला रही।

### 100 मीटर अक्षय प्रथम

100 मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार अक्षय कुमार,द्वितीय पुरस्कार सागर करवोले महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर हर्षाली दहारे एवं द्वितीय पुरस्कार मुस्कान केवट को मिला।

### सिटी क्रॉस में दौड़े 350 धावक

रविवार को आयोजित हुई रन नर्मदापुरम रन में सिटी क्रॉस रन का आयोजन किया गया जिसकी दूरी 5 किलोमीटर थी। इस सिटी क्रॉस रन में 350 से अधिक सहभागी ने हिस्सा लेकर स्वच्छ भारत एवं निर्मल नर्मदा की शपथ ली। इससे नर्मदापुरम में युवाओं के अंदर व्यायाम एवं खेल के प्रति जागरूकता देखने मिली। अतुल्यम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष भारत भदोरिया द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विश्वजीत कुशवाहा, विक्रम अवार्ड से सम्मानित, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आध्या तिवारी विक्रम एवं एकलव्य अवार्ड से सम्मानित एवं नोएल चेरियन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी उपस्थित रहें। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष कुश खंडेलवाल, सचिव कीरित पाठक, सह सचिव शिखर रावत, शुभम राजपूत, राघव, आर्यन, हर्ष, प्रियांश, शशांक, शानू, प्रतीक चौकसे, अंश, आयुष, अथर्व, आशुतोष दुबे, शशांक रावत, श्रेया, पीहू, मनीष, गौरी, संदीप, एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### यह प्रतिभागी रहे प्रथम




रन नर्मदापुरम रन तय समय अनुसार आयोजित हुई। जिसमें जिले सहित अन्य जिले के धावक भी मौजूद रहे। 5 किलोमीटर सिटी क्रॉस रन में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शक्ति धाकड़ रहे। वहीं द्वितीय स्थान हेमराज नायक को मिला। महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली डॉली राजपूत एवं द्वितीय स्थान पर बेबी अफजा खान रही।



# पूर्व पीएम अटलजी की जयंती जिले में सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती जिले में सुशासन दिवस के रूप में मनाई। प्रत्येक बूथ पर अटलजी के चित्र पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किये गये और अटलजी के व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा की। यह कार्यक्रम जिले के 22 मंडलों के 1187 बूथ केंद्र पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने अटल जी के छाया चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें प्रणाम किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल ने बताया कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के कुशल नेतृत्व में देश ने सुशासन को चरितार्थ करने वाले, उनकी कर्तव्यनिष्ठा व राष्ट्रसेवा पूरे भारतवर्ष के लिए सदैव प्रेरणा का केंद्र रहेगी। अटल बिहारी जिन्होंने भारतीय राजनीति में विदेश तक भारत का नाम रोशन किया और भारत की सुरक्षा के लिए उन्होंने पोखरण में परमाणु परीक्षण कर राष्ट्र को मजबूत किया और उन्होंने गरीब मजदूर किसानों और गांव के विकास के लिए महत्वपूर्ण योजनाओं को संचालित करते हुए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना के माध्यम से गांव-गांव को विकास के मुख्य धारा से जोड़ा उनका व्यक्तित्व और कर्तव्य भी भारत और विदेशों में एक स्वच्छ और ईमानदार राजनीतिक नेता के रूप में छवि को स्थापित किया है। उन्होंने कहा जिले से भी अटल जी का जुड़ाव रहा और उनकी पार्टी जिला अध्यक्ष माधवदास ने कहा कि कार्यकर्ता जैसे मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव में अपने बूथ को मजबूती प्रदान कर पार्टी को प्रचंड जीत दिलाई है।

# वार्ड 12 में मनाई पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

सोवमार को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल नर्मदापुरम द्वारा वार्ड क्रमांक 12 में देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती मनाई गई। इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री चित्र पर माल्यार्पण किया गया। वार्ड के रामू चौहान, अर्पित मालवी, गोलू तिवारी, कपिल मीना, समर्थ चौरसिया, सौरभ सूर्या, हरिनारायण, छोटू एवं समस्त कार्यकर्ताओं के साथ, भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा निरंतर आगे बढ़ते भारत का प्रतीक है: खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

भारत के शक्तिशाली, आत्मनिर्भर और नित प्रतिदिन विकसित होने के प्रतीक एवं सरकार के कार्यों को जन जन तक पंहुचाने का माध्यम विकसित भारत संकल्प यात्रा है। यह उन लोगों तक पंहुचने का भी माध्यम है , जिनको शासन की योजना का लाभ किन्ही कारणों से नहीं मिल पाए हैं,ऐसे वंचित जनों तक शासन पंहुच रहा है। उक्त उद्गार भाजपा झुग्गी-झोपड़ी-प्रकोष्ठ मप्र संयोजक डॉ.अखिलेश खंडेलवाल ने व्यक्त किए। उन्होने कहा कि भाजपा की विचारधारा सदैव जन हितैषी रही है समाज के हर क्षेत्र हर वर्ग के लिए कार्य योजनानुसार चल रहे हैं,किसान, मजदूर, महिला ,युवा ,शहरी ग्रामीण, संगठित असंगठित सभी के आगे बढ़ने के लिए सरकार मदद करने को तत्पर है। इसलिए यात्रा निकालकर सबके लिए उनके योग्य कार्य पंहुचाने का प्रयास है।

## जिले में ईसाई समुदाय के लोगों ने मनाया प्रभु यीशु का जन्मदिन

# क्रिसमस : चर्चों में आयोजित हुई विशेष प्रार्थनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

ईसाई समुदाय के महापर्व क्रिसमस पर सोमवार को जिले में विशेष धूम रही। बीती रात से चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित हुई और समाज के लोगों ने प्रभु यीशु के जन्मदिन पर केक काटकर एक-दूसरे को बधाईयां दी। पचमढ़ी में अंग्रेजों के जमाने के चर्च में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित हुई तो नर्मदापुरम के सभी चर्चों भी विशेष कार्यक्रम हुए। सदर बाजार स्थित चर्च में सोमवार को सुबह ही भीड़ देखने को मिली। इस मौके पर कैरोल गीत भी गाए गए। वहीं रविवार की रात 12 बजे जिले के ईसाई समुदाय के लोगों ने क्रिसमस सेलिब्रेशन बनाया। नर्मदापुरम में रसूलिया स्थित चर्च, सदर बाजार चर्च,सेंट जोसफ चर्च में विशेष कार्यक्रम हुए। वहीं अस्पताल में सुंदर झांकी सजाई गई और एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी।






### श्री कृष्ण भक्ति रस वर्षा 1 से 8 जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी मालाखेड़ी स्थित स्वयंवरम गार्डन में वृदावन की रासलीला का आयोजन 1 से 8 जनवरी तक किया जायेगा। आयोजन समिति के प्रमुख डा आशुतोष शर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फतेह कृष्ण शर्मा के निर्देशन में 8 दिनों तक कृष्ण रस की वर्षा की जाएगी। इस दौरान भगवान की बाल लीलाओं में कालिया मर्दन, वस्त्र हरण, बंशी चोरी, सुदामा चरित्र, माखन चोरी, गो चारण आदि लीलाओं का जीवंत मंचन किया जायेगा। लीला का आयोजन प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक होगा। इस आयोजन में पधारकर भगवान कृष्ण के प्रेम रस में प्राप्त कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# सेठा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में निशुल्क नेत्र शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम




भाऊ साहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास गोविंद नगर द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन कर लगभग 100 मरीज देखे गए। जिसमें सभी को आंख की जांच कर नंबर दिए गए एवं जो मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए तैयार थे उनका निशुल्क ऑपरेशन किया गया मोतियाबिंद का ऑपरेशन डॉ. अक्षय हर्णे द्वारा किया गया दूसरे दिन सुबह पट्टी निकालकर काले चश्मे एवं दवाइयां वितरित की गई गई साथ ही सावधानियां और परहेज रखने को कहा गया। डॉ शिवम मिश्रा द्वारा अन्य मरीजों का परीक्षण किया गया नेत्र परीक्षण आदित्य सेठा द्वारा चश्मे का नंबर सभी मरीजों को प्रदान किया गया। हॉस्पिटल प्रबंधक अंबर सेठा द्वारा बताया गया कि मोतियाबिंद एक उम्र के साथ सभी को आता है जिससे दिखाई देना कम होते-होते खत्म हो जाता है। एवं सभी से नेत्रदान करने को समझाइश देकर नेत्रदान करने के लिए अनुरोध किया गया। शिविर में भाऊ साहब भुस्कुटे स्मृति न्यास से सचिव चाणक्य बक्शी ओमकार जी उपस्थित रहे। अन्य सहयोगियों में राजेश गोस्वामी नीरज राय सुनील दीक्षित एवं समस्त हॉस्पिटल का स्टाफ उपस्थित रहा। समिति द्वारा हॉस्पिटल का आभार व्यक्त कर सभी सहयोगियों को माल्यार्पण किया गया।

**खबर संक्षेप**

## जिला स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य 30 दिसंबर को लगेगा

**बैतूल।** अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा दिल्ली, युवा साहू समाज सेवा संगठन बैतूल एवं ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं श्री ओम हॉस्पिटल भारत भारती जामठी के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य एवं शल्य चिकित्सा सर्जरी शिविर का आयोजन साहू समाज के राष्ट्रीय गौरव दिवस समारोह के अवसर पर 30 दिसंबर दिन शनिवार को सदर रैन बसेरा अंबेडकर मंगल भवन में दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के प्रहलाद साहू, गोपाल साहू ,अजय जीतपुरे ने बताया कि इसमें उच्च रक्तदाब, मोटापा, उच्च कोलेस्ट्रॉल, मधुमेह,सीने में दर्द, चक्कर आना, ज्यादा पसीना आना ,किडनी की बीमारी ,पुराना लकवा, मोतियाबिंद, कांचबिंद, तिरछी नजर,आंख के पर्दे की बीमारी, हाइड्रोसील, हार्निया, ट्यूमर, आंखों की बीमारी, स्त्री रोग जैसे मासिक धर्म के रोग, श्वेत प्रदर,योनि मार्ग से अधिक मात्रा में खून जाना, रीढ़ की हड्डी में गैप, जोड़ों का दर्द, संधिवात, गठियावात, हड्डियों के रोग, बहरापन, टांसिल,नाक ,कान ,गले के रोग,जबड़ा न खुलना, मुंह में बार-बार छाले पडना, सभी प्रकार के मुंह के कैंसर, पंचकर्म एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर के साथ पाइल्स, फिशर, फिस्टुला ,पथरी सभी प्रकार की शौच संबंधी ,पाचन संबंधी सभी बीमारियों का इलाज निःशुल्क होगा। पंजीयन के लिए शिविर प्रभारी देवेंद्र चौरे बैतूल 9399135686, प्रहलाद साहू मुलताई 9340104115, अजय जीतपुरे आठनेर 8770135925 एवं 9479571753, 7828011901, 7000647113 इन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य

**सीहोर।** मोटरयान नियमों के अनुसार समस्त प्रकार के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाई जाना आवश्यक है। जिसके पालन में प्रदेश में पूर्व में लिंक उत्सव कम्पनी द्वारा वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने के लिए अधिकृत किया गया था परंतु सन 2014 में उक्त कम्पनी का अनुबंध निरस्त कर दिया जाने के कारण प्रदेश में वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने का कार्य नहीं किया जा पा रहा था। केन्द्र सरकार द्वारा सन 2019 में बनाये गये नियमों के अनुसार 01 अप्रैल 2019 के उपरांत बेचे गए वाहनों में डीलर द्वारा ही तीसरे रजिस्ट्रेशन चिन्ह सहित एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाई जा

### जिम्मेदार अधिकारी झूठी जानकारी देकर कर रहे गुमराह

# घोड़ाडोंगरी नप में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का बिना निराकरण के ही हो रहा फोर्स क्लोज!

हरिभूमि न्यूज >> बैतूल




नगर परिषद की सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को बिना निराकरण कर फोर्स क्लोज किया जा रहा है। इससे लोगों में नाराजगी बनी हुई है। यहां तक कलेक्टर को झूठी जानकारी देकर गुमराह किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक सीएम हेल्पलाइन की शिकायत को फोर्स क्लोज का एक मामला बाजार नीलामी का भी है। शासन द्वारा जून 2023 में बाजार नीलामी पर रोक लगा दी गई। इसके बावजूद नगर परिषद घोड़ाडोंगरी ने 20 सितंबर 2023 को बाजार नीलामी की प्रक्रिया शुरू करते हुए विज्ञप्ति निकाल दी और नगर में मुनादी कराकर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया गया। इसकी सीएम हेल्पलाइन में शिकायत हुई तो इसकी शिकायत क्र 24644382 को बिना निराकरण और कार्रवाई के फोर्स क्लोज कर बंद कर दिया गया। जब इस मामले की बैतूल कलेक्टर को लिखित शिकायत की गई, तो घोड़ाडोंगरी सीएमओ ऋषिकांत यादव ने कलेक्टर को पीआईसी की बैठक में बाजार नीलामी का प्रस्ताव लेने की जानकारी दी। जबकि बाजार नीलामी की विज्ञप्ति 20 सितंबर 2023 को जारी की गई। जबकि पीआईसी की बैठक 22 सितंबर 2023 को हुई है। इसी तरह नगर परिषद घोड़ाडोंगरी की फर्जी एनओसी बनाकर रजिस्ट्री होने की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर एक नागरिक द्वारा की गई। इस शिकायत को बिना जांच और बिना निराकरण के ही फोर्स क्लोज कर दी गया। वही बिना अनुमति के नगर में मोबाइल टावर संचालित होने की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में की गई। इस शिकायत में मोबाइल डाटा संचालित होने वाली भूमि स्वामी को नोटिस देने की बात की गई। वहीं जब इस मामले की 6 माह बाद दूसरी सीएम हेल्पलाइन शिकायत की गई, तो नोटिस देने के बाद क्या कार्रवाई की गई, उसे शिकायत को बिना निराकरण के ही फोर्स क्लोज कर दिया गया। इस तरह शिकायतों को बंद करने का काम नगर परिषद में चल रहा है।

### नप अध्यक्ष बोलीं-नामांतरण की फाइलें छह माह से पेंडिंग

नगर परिषद की अध्यक्ष मीरावंती नंदकिशोर उइके सीएमओ की कार्यप्रणाली से नाराज हैं। उनका कहना है कि उनकी फाइलें पेंडिंग रखी जा रही हैं। नप अध्यक्ष ने मीरावंती नंदकिशोर उइके बताया कि उन्होंने 150 से अधिक नामांतरण की फाइल हस्ताक्षर कर सीएमओ को दी है, लेकिन ये फाइलें 6 माह से पेंडिंग है। जबकि बिना नप अध्यक्ष के हस्ताक्षर की फर्जी एनओसी की रजिस्ट्री के नामांतरण की प्रक्रिया शुरू कर दी जा रही है। इसकी विज्ञप्ति भी भोपाल में प्रकाशित करवा दी जाती है। जबकि कोई भी विज्ञप्ति जारी करने के पूर्व नप अध्यक्ष को सूचना देना अनिवार्य है।

**नियम से हो रहा है**

नगर परिषद में सभी कार्य नियमानुसार ही किए जा रहे हैं। नियमानुसार ही शिकायतों को विलोपित किया जाता है, शिकायतें फर्जी हैं, इसलिए विलोपित की गई हैं।

**ऋषिकांत यादव** सीएमओ
नपा घोड़ाडोंगरी

### उज्जैन से नागपुर जा रहा था परिवार

## मालेगांव के पास कार दुर्घटना में एक महिला की मौत चार घायल

हरिभूमि न्यूज >> मुलताई




शिफ्ट डिजायर कार से उज्जैन से नागपुर जा रहे महाले परिवार की कार मुलताई नगर के समीप स्थित ग्राम मालेगांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें एक महिला की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि दो अन्य लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

बताया जा रहा है कि नागपुर निवासी महाले परिवार उज्जैन से महाकाल के दर्शन करके नागपुर लौट रहा था सोमवार शाम 5 बजे अचानक ग्राम मालेगांव के पास कार अचानक अनियंत्रित हो गई कार की गति अधिक होने के कारण कार क्रमांक एम एच.40 ए आर 0635 नेशनल हाईवे मुख्य मार्ग से लगभग 50 फीट दूर जा गिरी। कार में कुल पांच लोग सवाल बताए जा रहे हैं। जिसमें अंजलि पति सुनील महाले की घटना स्थिल पर ही मौत हुई जबकि सुनील पिता श्री राम 59 वर्ष एवं ज्योति पति ओंकार तिवारी 56 वर्ष की हालत गंभीर बताई जा रही है। इसके अलावा स्वप्निल पिता सुनील महाले 27 वर्ष ,परिणीता तिवारी 56 वर्ष को भी चोट आई है।

## ग्वालियर में आज एक साथ 15 तबला वादक देंगे प्रस्तुति

### बैतूल के 4 कलाकार भी करेंगे शिरकत



**बैतूल।** ग्वालियर के एतिहासिक महल में संगीत का अभूतपूर्व कार्यक्रम आज मंगलवार को आयोजित किया जा रहा है। जिामें 1500 तबला वादक एक साथ संगत देंगे। इस कार्यक्रम में बैतूल के चार तबला वादक भी हिस्सा ले रहें हैं। इनके तबला गुरू पंडित दिनेश खांडेकर ने बताया कि सुयांश वर्मा, श्रीकांत मालवी, खुशबु मिश्रा, कपिल परिहार कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। अनहद म्युसिक ऐकेडमी के डायरेक्टर दिलीप रावत ने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा इस सांगीतिक गतिविधि को गिनीज बुक ऑफ वल्ड रिकार्ड में शामिल कराने का प्रयास है। इस भव्य संगीत समारोह में हिस्सा लेने दिलीप रावत और कलाप्रेमियों ने शुभकामनाओं के साथ विदा किया।

### राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत कराया गया छात्रों को भ्रमण

## छात्राओं ने देखी कुकरू खामला की सुरम्य वादियां




हरिभूमि न्यूज >> मुलताई

में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों छात्राओं को पर्यटन क्षेत्र कुकरू खामला की एक्सपोजर विजिट कराई गई ।


इस एक्सपोजर विजिट में शाला की छात्रए एवं शिक्षक शिक्षिकाएं बस के माध्यम से कुकरू खामला पहुंचे एक पर्यटन क्षेत्र में छात्राओं ने कॉफी बागान देखा एवं दर्शनीय स्थल और कई व्यू प्वाइंट देखें पवन चक्की एवं उसकी सुंदरता का भी आनंद लिया। इस दौर में कुकरू खामला की सुरम्य वादियों में ऊंची घाटियों में छात्राओं ने सुंदर दृश्य देखें एवं कई नए-नए वृक्षों के बारे में जानकारी प्राप्त की।


शिक्षकों एवं छात्राओं ने बताया कि रुचिकर भोजन एवं नाश्ते की व्यवस्था योजना अनुसार की गई थी इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य विश्वकर्मा पीएम श्री प्रभारी नरेंद्र नानोटे एवं अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे एवं छात्रों का मार्गदर्शन किया सभी कक्षा शिक्षकों ने अपनी अपनी कक्षा की जवाबदारी संभाली सभी छात्राओं ने अनुशासित रहकर एक्सपोजर विजिट में नई-नई बातें सीखी पीएम श्री योजना के के राष्ट्रीय आविष्कार योजना में छात्राओं को प्रतिवर्ष तारामंडल,दर्शनीय स्थल, औद्योगिक स्थल, शैक्षणिक संस्थाएं इस प्रकार के क्षेत्र का भ्रमण कराया जाएगा।




### पति, सास और ससुर पर दहेज हत्या का मामला दर्ज

## रिधोरा के पानी की टंकी में मिला था मां-बेटे का शव







**मुलताई।** थाना क्षेत्र के ग्राम रिधोरा में 18 दिसंबर को एक नवविवाहिता और उसके 17 महीने के बेटे का शव पानी के टांके में मिला था। इस मामले में मुलताई पुलिस ने अब मृतिका के पति,सास और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं इन तीनों के खिलाफ दहेज हत्या सहित दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। तीनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

मुलताई थाना क्षेत्र के ग्राम रिधोरा में 18 दिसंबर सोमवार शाम रिधोरा निवासी कमलेश पवार की पत्नी पूनम पवार (25) और उनका बेटा भाविक (डेढ़ साल) का शव उन्हीं के घर के टंकी में मिला था। पहले इस मामले को दुर्घटना बताया जा रहा था। वहीं बाद में इस मामले में मृतिका की मां पांढुर्णा सिवनी निवासी सुनीता किनकर और पिता साहेब राव ने आरोप लगाया था कि उनकी बेटी जब उस दोपहर 12 बजे बात कर रही थी तो जवाई ने उसके साथ मारपीट कर उसका मोबाइल तोड़कर फेंक दिया और बात नहीं करने दी। वहीं इसके पहले भी उसे जमकर प्रताड़ित किया जाता था, उसे जरूरत का सामान भी नहीं दिया जाता था। वही पुलिस ने बताया कि घर में अलमारी के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया गया था। जिसमें उसने घर वालों से परेशान होने की बात लिखी थी। एसडीओपी एसके सिंह ने बताया कि मामले में मृतका के पति कमलेश, पिता मारुति और मां रामप्यारी डोंगरदिए के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

### जिले की नदियों और गांव की मिट्टी लेकर अयोध्या पहुंचेंगे

## अयोध्या के लिए पदयात्रियों का दल 28 को होगा रवाना




**बैतूल।** सूर्यपुत्री मां ताप्ती का पवन उद्गम स्थल मुलताई सहित जिले की 103 नदियों के जल और 1341 गांव की माटी के साथ लेकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी की पावन नगरी अयोध्या धाम में राधकृष्ण मंदिर से अयोध्या पैदल पदयात्रा के साथ चार पदयात्री धनंजय सिंह ठाकुर, केशव मोरले, दिनेश इरपाचे और वासुदेव गुजरे अयोध्या पहुंचेंगे। पदयात्री धनंजय सिंह ठाकुर ने बताया कि दल 28 दिसम्बर को बैतूल गंज के राधाकृष्ण मंदिर से निकलेगा और लगभग 12 सौ किमी की दूरी तय कर 20 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगा। केशव मोरले ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि 500 वर्ष के बाद हम अयोध्या में राम लाल का मंदिर का निर्माण कर पाए जो की हम सभी के आस्था, भावना और विश्वास का केंद्र है। हम जल, मिट्टी व ध्वज लेकर के चार पदयात्री बैतूल से अयोध्या जाएंगे। धनंजय सिंह ठाकुर ने जिलेवासियों से आव्हान किया है कि 22 जनवरी को प्रत्येक घर पर पांच दीपक लगाकर दीपावली जैसा उत्सव मनाए क्योंकि यह 500 वर्ष के बाद यह सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर वर्षा गाडेकर, डॉ.राजेंद्र सिंह ठाकुर, मनोहर कावडक़र, विरेन्द्र बुहाडे, डॉ.कृष्ण धोटे, गगनदीप खरे, रेखा शिवहरे, देवकरण मुकेश सरले, चरणजीत परोथी, लाखन सिंह सोलंकी आदि मौजूद थे।

## आमला प्रीमियर लीग सीजन-2 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



**आमला।** ओपन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। आमला प्रीमियर लीग और रेल्वे इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में 1 लाख 11 हजार प्रथम पुरुस्कार और द्वितीय पुरुस्कार 55,555 रुपए के साथ ही अनेक पुरुस्कार रखे गए हैं। कार्यक्रम में अतिथि बतौर गणेश यादव, नितिन गाडरे, रामकिशोर देशमुख, प्रदीप ठाकुर, यशवंत यादव, महेश मार्सकोले, ठाकुर, शेरू यादव, सतीश मीना, निलेश राठौर, अतिथियों द्वारा 5 सभी दर्शकों द्वारा राष्ट्रगान किया गया। उसके बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभारंभ मैच आदर्श क्लब और श्री भवानी के बीच टॉस कराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्री भवानी ने 43 रन बनाए को 6 ओवरों में 44 रन बनाकर आदर्श क्लब 6 विकेट से मैच जीत लिया। समिति के चंदन सिंह मानू, सुनील यादव शरद भलावी, अमित यादव ने सभी दर्शकों का अभिवादन किया।

### ईगल क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता

## क्रिकेट प्रतियोगिता में खेला गया सुपर ओवर मैच



**शाहपुर।** 10 दिसंबर से चल रही ईगल क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में क्रिकेट प्रतियोगिता में अध्यक्ष राहुल जोंजारे ने बताया, कि यहां पर लगभग 64 टीमों ने एंट्री ली है। और सभी के मैच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जा रहे हैं। और उन्होंने बताया कि कोरोना के चलते बीच में 4 साल क्रिकेट का खेल संभव नहीं हो पाया था। परंतु अभी वर्तमान में इस वर्ष पुन प्रारंभ किया गया है। इसी समय उपस्थित उपाध्यक्ष राकेश शुक्ला ने भी बताया कि सोमवार का जो क्रिकेट का मैच घोड़ाडोंगरी टीम और भौरा टीम के मध्य हुआ। जिसमें मैच निर्धारित ओवरों में टाई हुआ। और उसके पश्चात दोनों टीमों को सुपर ओवर मैच कराया गया। जिसमें एक ओवर का रन स्कोर खड़ा करने का लक्ष्य दिया गया। जिसमें भौरा टीम ने अपना स्कोर 11 रन का लक्ष्य बनाया। और उसके समक्ष घोड़ाडोंगरी टीम ने लक्ष्य को पार कर लिया। और इस सुंदर मैच को जीत में सुंदर खेलकर तब्दील कर लिया गया। इसी समय घोड़ाडोंगरी टीम के बृजेश धुर्वे ने जीत की खुशी में अपनी बात दर्शकों और खिलाड़ियों के लिए और जो ईगल क्रिकेट क्लब के सभी सदस्यों के साथ मिलकर खुशियां बाटी।

## पारसडोह डैम से किसानों को नहीं मिल पा रहा पानी

### फसलों के लिए पानी नहीं छोड़े जाने से क्षेत्र के किसान परेशान हो रहे

हरिभूमि न्यूज >> बैतूल



पारसडोह डेम से रबी फसलों के लिए पानी नहीं छोड़े जाने से क्षेत्र के किसान परेशान हो रहे है। किसानों ने जिम्मेदार अधिकारियों से डेम में पानी छोड़ने की मांग की है। खेड़ी कोर्ट निवासी सुरेश बारस्कर, विजय पंडाग्रे, संतोष राव काले, योगीराज करोले, राजू देशमुख, विजय देशमुख, पप्पू बिसोने, गणेश खंडाग्रे, महादेव धोटे, ने बताया कि क्षेत्र में करीब 19 हजार हेक्टेयर में गेहूं की फसल लगी हुई है, लेकिन इसके बावजूद पारसडोह डेम से फसलों के लिए पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। इससे गेहूं की फसल सूखने की कगार पर आ गई है। यदि गेहूं की फसल को एक-दो दिन में पानी नहीं मिला, तो पानी नहीं मिलने की दशा में उनकी फसलें बर्बाद हो जायेगी। ओर किसानों को फसलों का भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। खेड़ी कोर्ट के किसान सुरेश बारस्कर ने बताया कि पारसडोह डेम के ऑपरेटर देवेश नागले से हमारे द्वारा संपर्क करने पर उन्होंने बताया था कि एक दो दिन में पानी छोड़ दिया जाएगा, लेकिन आज कई दिन बीतने पर भी पानीं नहीं छोड़ा गया है। इसके बाद हम किसानों द्वारा पारसडोह सिंचाई परियोजना के अधिकारियों से भी संपर्क किया, तो वे भी आज कल में पानी छोड़ने का आश्वासन भर दे रहे हैं, लेकिन पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पानी नहीं छोड़े जाने की दशा में खेड़ीकोर्ट क्षेत्र के किसान कलेक्टोरेट के सामने प्रदर्शन कर पानी देने की मांग करेंगे।

### श्री योग वेदांत सेवा समिति ने तुलसी साहित्य और पौधे किए वितरित

## घर व मंदिर में हर्षोल्लास से मना तुलसी पूजन दिवस

हरिभूमि न्यूज >> बैतूल



तुलसी जी की महिमा व लाभों से जन-जन को परिचित करवाने व युवाओं को नैतिक पतन व अवसाद से बचाकर भारतीय संस्कृति के सिद्धांतों को अपनाने की प्रेरणा देने के उद्देश्य से पूज्य संत श्री आशारामजी बापू द्वारा 25 दिसम्बर 2014 से तुलसी पूजन दिवस की शुरुआत की गई थी। उन्ही की सत्प्रेरणा से श्री योग वेदांत सेवा समिति व महिला उत्थान मंडल बैतूल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी घरों, मंदिरों, आश्रमों, वृद्धाश्रमों व सार्वजनिक स्थलों में तुलसी पूजन दिवस कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया।

समिति के संरक्षक राजेश मदान ने बताया कि गंज स्थित काश्मीर चौक व संत श्री आशारामजी आश्रम चिखलार और मंदिरों में हर्षोल्लास से तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। साधकों द्वारा तुलसी जी का तिलक माल्यार्पण, आरती और परिक्रमा से पूजन किया। भारतीय संस्कृति के पर्व तुलसी पूजन की महिमा से परिचित होकर अब 25 दिसम्बर को घर-घर तुलसी पूजन दिवस मनाया जाने लगा है जिससे यह अभियान विश्व व्यापी हो गया है। समिति की पहल पर अन्य सामाजिक संस्थाएं भी अब तुलसी पूजन के कार्यक्रम आयोजित कर रही है। कार्यक्रम के बाद सभी ने एक दूसरे को तुलसी पूजन दिवस की बधाई दी, श्री मदान ने बताया कि ट्वीटर, फेसबुक आदि सोशल मीडिया में भी तुलसी पूजन दिवस दिनभर टॉप ट्रेंड करता रहा। आयोजित कार्यक्रम में समिति के साधक राजीव झा, श्रीमती नीतू झा, अपर्णा झा, प्रणव झा, रवि आर्य, बलवंत मदान, शैलेंद्र बिहारिया, मनोहर मालवीय, प्रीतम मरकाम, जलदीप वर्मा, पंजाबराव गायकवाड, राजेंद्र सिंह चौहान केंडू बाबा, शोभा चंदेल, संध्या सोनी, रूपा विश्वकर्मा, अनीता मानकर, लता झपाटे, यश्विनी विश्वकर्मा, अमिता परमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### सचिव कौन है यह पंचायत वालों को भी नहीं पता

# चांदी-गुरारी पंचायत की सड़कों में घरों का बह रहा पानी

एक ओर प्रदेश सहित जिले में स्वच्छता की अलख जगाई जा रही है। ऐसे में चांदी गुरानी पंचायत की सड़कों पर घरों से निकलता पानी स्वच्छता पर दाग की तरह नजर आता है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर

ग्राम पंचायत चांदी खेड़ी के ग्राम गुरारी और चांदी खेड़ी में सड़कों पर निस्तार के पानी बहने की परम्परा वर्षो पुरानी आज भी अनवरत जारी है। ग्रामीणों के अनुसार उनकी शिकायत का निवारण आज तक नही हुआ है। सड़कों पर पानी बहने की परम्परा नाली ना बनने के कारण है। नाली क्यों नहीं बनी इसकी जवाबदारी लेने वाला पंचायत में कोई अधीनस्थ कर्मचारी इसलिए भी मौजूद नही है। क्योंकि जिस सचिव को प्रभार दिया गया। उनका कहना है कि मैंने पंचायत को छोड़ दिया हैं तो वहीं जिस सचिव को पदभार ग्रहण के आदेश प्राप्त हुए है वो कह रहे हैं कि मैंने चार्ज नहीं लिया।

ऐसे में जब जनपद पंचायत सीईओ से जानकारी चाही तो उन्होंने मामले को टालते हुए कहा कि गाड़ी ड्राइव कर रहा हूं इन हालातों में पंचायत को कौन ड्राइव करेगा ये ना ग्रामवासियों का पता है ना अधिनस्थों को और कारण यही है कि चंदीखेड़ी पंचायत में लोगो के निस्तार का पानी सड़कों में बह रहा है जिससे आयदिन दुर्घटनाओं के साथ बीमारियों की आशंका बनी रहती है। बावजूद इसके जवाबदारी का निर्वाहन करने वालो अधिकारियों की रूह में जूं तक नहीं रेंग रही है।

दरअसल वर्तमान में सचिव पद को लेकर असमंजस बरकरार है क्योंकि मोहनलाल साहू जिन्हे चंदीखेडी पंचायत का अधिभार मिला था। उन्होंने इस पंचायत को छोड़ने का आवेदन दिया है तो वहीं जिन्हे उक्त पंचायत का अधिभार मिलने का आदेश मिला वो विनोद नागवंशी चार्ज लेने से इंकार कर रहे हैं।

## देवेंद्र पटेल बने गुर्जर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष



**सेमरी हरचंद।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा द्वारा प्रदेश में गुर्जर समाज की कमान ग्राम जमाडा तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर के देवेंद्र पटेल को सौंपी गई है। जिसे लेकर सेमरीहरचंद सहित आसपास के समस्त ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गुर्जर समाज में उत्साह एवं हर्ष का माहौल है। गुर्जर समाज के समस्त सामाजिक बंधुओं द्वारा देवेंद्र पटेल की प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्ति होने पर हर्ष जताया एवं उन्हें बधाई प्रेषित कर रहे हैं।

# 151 दीपक से वाहेगुरु लिखकर दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई पचमढ़ी द्वारा सोमवार को गुरुद्वारे में गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादे जो देश एवं धर्म के लिए शहीद हो गए थे उनको याद किया गया और 151 दीपक से वाहेगुरु लिखकर पूर्ण रूप से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें उपस्थित प्रांत कार्यकारिणी सदस्य वर्षा नोहरिया, नगर मंत्री राज यादव एवं सोशल मीडिया प्रभारी मोहित, सह मंत्री हिमांशु पाल, प्रीति, गुनगुन, माही, वैष्णवी, उर्वशी, युष्मति आदि शामिल थे।

## श्रीराम बने स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष



**बनखेड़ी।** रविवार को स्वर्णकार समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से श्रीराम सोनी स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष बनाए गए, श्रीराम सोनी ने वन विभाग में बतौर डिप्टी रेंजर कई वर्षों तक अपनी सेवाएं दी। सेवानिवृत्ति के बाद सामाजिक कार्यों में सक्रिय एवं अग्रणी भूमिका निभाते रहे, समाज ने उन्हें स्वर्णकार समाज अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है, उनकी नियुक्ति पर सभी सामाजिक बंधुओ ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी ,बैठक में बड़ी संख्या में स्वर्णकार समाज के पदाधिकारी गण ,वरिष्ठ एवं युवा उपस्थित रहे।

# स्व. खंडेलवाल की स्मृति में काव्य निशा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

24 दिसंबर की संध्या को परशुराम मंगल भवन में वरिष्ठ साहित्यकार स्व श्री बाबूलाल जी खंडेलवाल की स्मृति में काव्य निशा का आयोजन किया गया। मां सरस्वती के पूजन के बाद स्व बाबूलाल खंडेलवाल को श्रध्दा सुमन अर्पित करने के पश्चात, काव्य निशा का प्रारंभ किया गया। महेश सोनी द्वारा बाबूजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात खंडेलवाल परिवार द्वारा समस्त साहित्यकारो एवं कवियों का



सम्मान और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस काव्य गोष्ठी में उपस्थित कवियों और साहित्यकारों ने अपनी अपनी रचनाओं के माध्यम से स्व बाबूलाल जी को श्रध्दा सुमन अर्पित किए। काव्य निशा में बाहर से पधारे अतिथि साहित्यकार अमित बिल्लौरे सोहागपुर और मंसूर खान सुपुत्र स्व गौरी खान साहब (गुमराह) भोपाल ने भी अपनी रचनाओं के माध्यम से स्वर्गीय बाबूजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का आभार निशिगंधा साहित्य संगम के अध्यक्ष अमित गोलछा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन बृजेश त्रिवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आतिथ्य श्रोताओं के रूप में लायंस क्लब, पतंजलि योग समिति, मारवाड़ी वैश्य मंडल और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अटल जी जैसा लोकतंत्र का मजबूत व्यक्तित्व शायद ही कभी आए: डॉ शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपेयी की जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रूप में भाजपा नगर मंडल इटारसी द्वारा नपाध्यक्ष के कार्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक डॉ सीतासरन शर्मा मौजूद रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर विधायक डॉ शर्मा ने अटल जी के जीवन पर प्रकाश डाला। डॉ शर्मा ने कहा कि वे ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने अटल जी से प्रत्यक्ष मिले और उनसे बातें भी की। उन्होंने कहा कि सचमुच इस धरती पर आगामी सैकडों वर्षों तक लोकतंत्र का इतना मजबूत व्यक्तित्व शायद ही कभी आए। वे लोकतांत्रिक परम्परा के आधार स्तंभ थे। वे ऐसे वक्ता थे जिनको सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोग आते थे। लोकसभा में जब उनका भाषण होता था तो सभी शांत होकर सुनते थे। वे आज भी हमारे प्रेरणा केंद्र है इसलिए हम उनकी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हैं। सुशासन दिवसर के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री मुकेशचंद्र मैना, वरिष्ठ भाजपा नेता छोटे भैया चौधरी, पुरानी इटारसी भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, नगर मंडल के महामंत्री राहुल चौरे, भाजपा आईटी सेल प्रभारी अभिषेक तिवारी, सभापति राकेश जाधव, सभापति एवं अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री मंजीत कलोसिया, पार्षद एवं मंडल अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा जिमी कैथवास, कुंदन गौर, अमित विश्वास, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, पिछडा वर्ग मोर्चा जिला सह मीडिया आशीष मालवीय, वरिष्ठ भाजपा नेता नितिन व्यास, नगर उपाध्यक्ष शैलेंद्र दुबे, प्रतीक शुक्ला, नगर मंत्री विधी पचौरी, युवा मोर्चा जिला मंत्री गोपाल शर्मा, युवा नेता संदेश मालोनिया, महामंत्री नगर शुभम ठाकुर, किसान मोर्चा अध्यक्ष पुरानी इटारसी विजय चौरे, किसान मोर्चा महामंत्री शुभम पटेल, उपाध्यक्ष विरेंद्र यादव, प्रशांत मनवारे, भाजयुमो नगर मंत्री रोहित वैषकर, आलोक चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

# बलिदानियों के त्याग पर उद्बोधन कार्यक्रम हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर के मालवीयगंज स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल में श्री गुरुगोविंद सिंग जी महाराज के वीर सपूत, बाल बलिदानी साहबज़ादे बाबा अजीत सिंघ, बाबा जुझार सिंघ, बाबा जोरावर सिंघ, बाबा फ़तेह सिंघ जी के अतुलनीय शौर्य और सर्वोच्च त्याग को स्मरण करते हुये उनके प्रेरणादायक, विभूतिकल्प जीवन पर उद्बोधन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी, समाजसेवी एवं गुरुनानक पब्लिक स्कूल इटारसी के समिति सचिव सरदार हरप्रीत सिंघ छाबड़ा एवं मुख्य वक्ता सरस्वती शिक्षा समिति इटारसी के उपाध्यक्ष अभिषेक तिवारी थे।

मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि ने वीर साहिबज़ादों के बलिदानी जीवन पर प्रकाश डालते हुये बच्चों को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। विद्यालय के भैया बहनों ने भाषण एवं कविता के माध्यम से सहभागिता की। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य, समस्त आचार्य परिवार एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

## विराट मानस सम्मेलन 26 जनवरी से होगा, चल रही तैयारी

**सेमरी हरचंद।** समीपस्थ ग्राम उमारखेड़ी तहसील माखन नगर में 26 जनवरी 2024 से 1 फरवरी 2024 तक 9 कुंडीय महायज्ञ एवं विराट मानस सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमें सतगुरु देव श्रीधाम वृंदावन बाल योगी संत सीताराम दास महाराज मिथिला पीठाधीश्वर विष्णु देवाचार्य अशोक दास महाराज धनपाडा रामचरितमानस न्यास झांसी से संत राजेंद्र दास महाराज साध्वी प्रेमलता मिश्रा भोपाल से एवं ज्ञान गंगा प्रवक्ता आचार्य प्रमोद आनंद उमरखेड़ी जैसे संतों का सानिध्य क्षेत्र के ग्राम वासियों को प्राप्त होगा एवं प्रसिद्ध भजन गायिका कृष्ण प्रिया नागपुर के भजनो की प्रस्तुति यज्ञ के दौरान होगी के यज्ञ आचार्य पंडित कैलाश मंडलोई कर्मकांड भास्कर भानपुर एवं उप आचार्य पंडित भुवन किशोर शास्त्री चौराहेट होंगे दिनांक 26 जनवरी 2024 दिन शुक्रवार प्रात 10 बजे से कलश यात्रा पंचांग पूजन ब्राह्मण वर्ण मंडप प्रवेश होगा एवं रामचरितमानस का समागम यज्ञ के दौरान प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 तक रहेगा।

# सुशासन दिवस पर अटल जी की जयंती मनाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मप्र जन अभियान परिषद माखन नगर के तत्वाधान में आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी अटल बिहारी वाजपेई की 99 जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें ब्लॉक समन्वयक नरेंद्र देशमुख, मेंटर्स हर्ष तिवारी, नीरज दुबे, सुरेश यादव, मनीष पाल, हरीश नामदेव, पूनम मीणा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सर्वप्रथम अटल जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए। छात्रा संध्या प्रजापति एवं अंजली यादव द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

उसके उपरांत छात्र संजेश गोलियां ने अटल जी की कविता का वाचन किया एवं जीवन परिचय - छात्रा कुमारी अंशु साहू ने वाचन किया उसके बाद सभी मेंटर का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। समस्त मेंटर्स ने अटल जी के प्रसिद्ध कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम का आभार छात्र सुनील बामने ने माना एवं कार्यक्रम का संचालन छात्रा दीपसीखा यादव ने किया।

# भगवान को प्राप्त करने के कई उपाय है: अनन्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



जग की सेवा खोज अपनी प्रीत प्रभु की कीजिए जिंदगी का राज है यही जानकार लीजिए सिवनी मालवा में बोरसे परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस के अवसर पर बोलते हुए कथा प्रवक्ता राष्ट्रीय कथा वाचिका अनन्या शर्मा जी ने कहा की भगवान को प्राप्त करने के कई उपाय है जो की बहुत सरल भी है जिसमें प्राणी मात्र की सेवा गुरु सेवा माता-पिता की सेवा इन सब को करके भी हम भगवान को प्राप्त कर सकते हैं परंतु दुर्भाग्य यह है कि हम भगवान को यहां वहां ढूंढते रहते हैं अनेकों जतन करते हैं और भगवान को पाने के आसान उपाय यही है जिन्हें हम नहीं करते ठीक है इस अवसर पर बोलते हुए अनन्या शर्मा जी ने रजाबेन की कथा सुनाते हुए कहा की घमंड तो रावण का भी नहीं चला और यही गलती राजा बेन भी यही गलती थी कि उन्हें इतना घमंड हो गया कि उन्होंने अपने राज्य में भगवान की पूजा ही बंद करवा दिया और लोगों से कहा की राजा भगवान का दूसरा रूप होता है इसलिए यहां पर सिर्फ मेरी ही पूजा होना चाहिए।

# सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर के नेतृत्व में तथा ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक मतदान केंद्र पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल के निर्देश अनुसार भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिवस जयंती 25 दिसंबर को प्रत्येक वर्ष बीजेपी सुशासन दिवस के रूप में मानती है। नगर पालिका क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केंद्र पर प्रत्येक पार्षद की उपस्थिति के साथ मंडल अध्यक्षों के द्वारा जनप्रतिनिधियों की



ड्यूटी लगाई गई थी उनके नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी ने महिला मोर्चा की पदाधिकारी ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर पंडित अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिवस जयंती मनाई गई समस्त बूथ स्तर पर सुशासन दिवस मनाया गया जिला कलेक्टर एवं जिला परिषद अधीक्षक के निर्देश अनुसार प्रतीक कार्यालय में भी अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा सुशासन दिवस का संकल्प लिया गया। अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ अटल जी के अद्भुत व्यक्तित्व एवं उनके कृतित्व पर भक्तों के द्वारा अपने विचार रखे गए अटल जी की कविताओं पर काव्यांजलि कवि सम्मेलन भी किया गया प्रत्येक बूथ पर रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया साथ ही सरकार के द्वारा गरीबों व किसानों के के लिए जो योजना केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित की जा रही है।

# ईसाई समुदाय ने मनाया धूमधाम से क्रिसमस, उपहार और टॉफियां बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर में सेंट जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कूल में क्रिसमस की एक्टिविटी में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान शिक्षकों द्वारा सांताक्लॉज की टोपियां, हैंगिंग बॉल, क्रिसमस ट्री उपहार, साज सज्जा प्रभु ईसा मसीह के जन्म की सुंदर झांकी सांता क्लॉज की झांकी बनाई गई।

द लर्निंग इंटरनेशनल स्कूल में भी किया गया। स्कूल के संचालक हर्षमाल पानी के द्वारा बच्चों को टॉफी सहित अनेक उपहार का वितरण किया गया तो वहीं पर नगर में भी सांता की वेशभूषा में आकर्षक रैली निकाली गई और नगर में भी अनेक को जगह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। त्यौहार सेलिब्रिटी करने से बच्चों को धार्मिक व सौहार्दता मिलती है। अतिथियों द्वारा ईसा मसीह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि अपने धर्म के साथ-साथ अन्य सभी धर्म का सम्मान करना चाहिए बच्चों को क्रिसमस और 9 वर्ष की बधाई देते हुए अनुशासित तरीके से अपने स्टडी करने की प्रेरणा दी गई। क्रिसमस पर अपनों के लिए कुछ खास इंतजाम भी किए गए।



# देश राम का है, परिवेश राम का है, मंदिर बने आदेश श्रीराम का है: चाणक्य बक्शी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





बीते दिनों स्थानीय काली मंदिर परिसर सोहागपुर में अयोध्या में बनने वाले भव्य श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त अयोध्या से भेजे गए अक्षतों की कलश यात्रा काली मंदिर से प्रारंभ हो कर मुख्य बाजार से होते हुए वापस काली मंदिर परिसर में संपन्न हुई। इससे पूर्व मंचीय कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चाणक्य बक्सी विभाग सह कार्यवाह राष्ट्रीय सेवक संघ ने कार्यक्रम को संबोधित कर अयोध्या के आंदोलन के इतिहास पर मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर 1990-92 में कार सेवा में सम्मिलित हुए कार्य सेवकों का भी सम्मान,स्वागत मंच पर किया गया। मंच से चाणक्य बक्शी ने उपस्थित राम भक्तो के सम्मुख अपने वक्तव्य में कहा ये देश राम का है, परिवेश राम का है अयोध्या में राम मंदिर बने आदेश श्री राम का है। इस दौरान जगदीश अहिरवार, भगवानदास अहिरवार, संदीप वर्मा, संतोष सराठे, संजय खंडेलवाल, मनोज मालवीय का भारत माता का चित्र देकर, गमछा डालकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विभाग सह कार्यवाह चाणक्य बक्शी,राजेंद्र सिंह चौधरी,नगर पंचायत अध्यक्ष लता यशवंत पटेल,राजो मालवीय,नगर उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, मंगल सिंह रघुवंशी, कृष्णा पालीवाल, अधिवक्ता शिव कुमार पटेल, राघवेंद्र पटेल, अभिषेक जैन,दसरथ रघुवंशी, श्रीकांत पटेल विभाग संयोजक बजरंग दल,जिला संयोजक विशाल राठौर, जिला सुरक्षा प्रमुख आशीष पुरोहित,जिला सह संयोजक रोहित ठाकुर, रूपेश रघुवंशी, संजू रघुवंशी,राजकुमार कोरी,नीरज रघुवंशी गोविंद मांझी, आनंद पटेल, ऋषि पटेल, दीपक कुशवाहा, हेमंत कहार, सागर रघुवंशी,आशीष कुशवाहा,अमन कहार,उपस्थित रहे।

### कक्षा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के बच्चों ने मंच पर दी रंगारंग प्रस्तुतियां

# वर्धमान पब्लिक स्कूल में मनाया वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वर्धमान पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कक्षा नर्सरी से 4 तक के विद्यार्थियों का वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कल्पना शर्मा और नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में वर्धमान ग्रुप के चेयरमैन प्रशांत जैन, पवन जैन, रचना जैन, प्राचार्य वर्षा मिश्रा, वर्धमान हॉस्टल के संचालक जीतू सोनी, जूनियर विंग की हेडमिस्ट्रेस पूजा पटेल तथा प्रशस्ति जैन ने अपनी सहभागिता दी। अध्यक्षता करते हुए वर्धमान ग्रुप के चेयरमैन प्रशांत जैन ने बताया की किस तरह से वर्धमान के बच्चों को मंच प्रदान कर उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मंच के माध्यम से किस तरह ढाई से तीन वर्ष का बच्चा, जिसे अभिभावक उंगली पड़कर चलना सीखते हैं, वह इस मंच पर एक दूसरे का हाथ थामे अपनी जगह पर





आकर अपनी जगह बनाना सीख रहे हैं और प्रस्तुति दे रहे हैं। कक्षा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के द्वारा मंच पर रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। जूनियर विंग से प्रशस्ति जैन ने वर्धमान पब्लिक स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अन्य प्रस्तुतियों में कक्षा 1 से लेकर 4 तक के विद्यार्थियों ने मोबाइल के उपयोग और दुरुपयोग को लेकर प्रस्तुति दी जिसके माध्यम से यह बताया कि हमारी आने वाली पीढ़ियां किस तरह से संस्कारों से संसाधन की ओर जा रही हैं। वर्धमान हॉस्टल के विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी जिसमें उन्होंने जीवन में पिता के महत्व को बताया एवं नियॉन एक्ट से यह भी बताया कि किस तरह बच्चे मोबाइल की दुनिया में उलझ कर अपनी असली जिंदगी को भूलते जा रहे हैं। इस प्रस्तुति में अभिभावकों ने अपने मोबाइल के टॉर्च ऑन कर विद्यार्थियों का जोरदार उत्साहवर्धन किया। बच्चों ने कराटे और स्केटिंग का शानदार प्रदर्शन किया। नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य कि कामना की। कार्यक्रम की सबसे अंतिम प्रस्तुति जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया जो थी उड़ान यह प्रस्तुति बच्चों ने एलईडी लाइट से बने पंखों को पहन कर दी जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि चांदनी पृथ्वी पर उतर आई है। जो कि पूरे कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र था। पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वर्धमान विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र एवं छात्राओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और अभिभावकों ने कार्यक्रम को सराहा। वर्धमान हॉस्टल के संचालक जीतू सोनी ने सभी का आभार प्रकट किया।

## अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती पर दिलाई सुशासन दिवस की शपथ

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची शहर के गणेश तलाई व अनाज मंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा




सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा शहर के गणेश तलाई एवं अनाज मंडी में पहुंची। जहां नगर पालिक निगम द्वारा यात्रा शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मंचासीन महापौर अमृता अमर यादव, मेयर इन काउंसिल के सदस्य सोमनाथ काले बंडू पार्षद प्रकाश यादव, पार्षद वेदप्रकाश मालाकार, पार्षद संतोष सारसर आशीष राजपूत राजेश तिवारी पार्षद मनोज मंडलोई,, निगमायुक्त निलेष दुबे, सहित उपायुक्त सचिन सिटोले, जाकिर जाफरी, प्रदीप कुमार जैन उपस्थित हुए। पार्षद प्रकाश यादव ने इस अवसर पर क्षेत्र की जनता से अपील की वे यहां आकर सभी योजनाओं का लाभ उठाएं।

कार्यक्रम में श्रद्धेय स्व. अटलबिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर सुशासन दिवस होने से महापौर अमृता अमर यादव द्वारा उनकी फोटो पर माल्यापर्ण कर श्रद्वासुमन अर्पित किये। महापौर का स्वागत आयुक्त निलेश दुबे ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया, एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला, दुबे ने कहा कि सुशासन दिवस पर अटल जी को स्मरण कर कहा कि शासन प्रशासन में सुशासन होना यह अटल जी का ही प्रयास था। आज विकसित भारत योजना में यहां कई योजनाओं के काउंटर लगे है आप सभी एवं क्षेत्र की जनता काउंटरों पर जाकर योजनाओं का लाभ उठाएं। हमें 2047 तक इस राष्ट को विकसित राष्ट बनाना है उसके लिए आप सभी प्रयास करें।

कार्यक्रम में महापौर अमृता अमर यादव ने सभी को अटलजी के जन्मोत्सव पर सुशासन की शपथ दिलाई साथ ही भारत राष्ट को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने की भी शपथ दिलवाई। उन्होने कहा साक्षरता अभियान अटलजी ने चलाया था। मोदी उसे आगे बढा रहे है। हमें मोदी के सपने का पूर्ण करना है और देश को 2047 तक विकसित राष्ट की श्रेणी में खडा करना है। मुफ्त भोजन योजना, आयुष्मान योजना, आवास योजना,संबल योजना, स्व. सहायता समूह योजना, आदि अन्य योजनाओं से जुडकर लाभान्वित होकर सभी को लाभान्वित करना है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी संपन्न हुए जिनमें कला संगम समूह द्वारा नुक्कड नाटक सुशासन पर प्रस्तुत किया। गणेश गंज की प्राथमिक शाला के बच्चों द्वारा गणगौर नृत्य प्रस्तुत किया।

### *उज्जवला योजना के चार हितग्राहियों को गैस कनेक्शन का वितरण किया*

*कार्यक्रम में अथितियों द्वारा मंच पर उज्जवला योजना के चार हितग्राहियों को गैस कनेक्शनों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत हनुमान गढे ने पी एम स्वनिधि से लोन प्राप्त होने पर मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री एवं बैंक एवं नगर निगम अधिकारियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में राष्टीय पोषण आहार योजनान्तर्गत चार छोटे छोटे बच्चों के स्वस्थ्य प्रमाण पत्र वितरित किये गये। आभार पार्षद वेदप्रकाश मालाकार ने ज्ञापित किया। जब यात्रा अनाज मंडी पहुंची वहां भी विकसित भारत संकल्प योजनाओं के शिविर लगाये जाकर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। नेहरू स्कूल के बच्चों द्वारा योजनाओं से संबंधित नुक्कड नाटक एवं आदिवासी लोकनृत्य का मंचन किया। कार्यक्रम मे अतिथियों द्वारा उज्जवला गेस कनेक्शनों का भी वितरण किया गया। स्व.सहायता योजना समूह हेतु 4 समितियों के पंजीयन के आवेदन प्राप्त हुये। आयुष्मान योजना में 25 कार्ड बनाये गये। आर आर आर सेन्टरों से नगर निगम खंडवा ने 100 पुराने कपडे जमा कर 50 रिसायकिल कपडों का वितरण किया।*

# आदिवासियों के दिलों पर राज करने वाले विजय शाह सीएम के मंत्रिमंडल में शामिल

## शाह के मंत्री बनते ही जिले में उत्साह की लहर




**खंडवा।** हरसूद की जनता एवं आदिवासियों के दिलों पर राज करने वाले दीन दुखियों के मसीहा डॉक्टर कुंवर विजय शाह को प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में बनाए गए मंत्रिमंडल में स्थान दिया गया है। विजय शाह के मंत्री बनते ही हरसुद विधानसभा क्षेत्र एवं खंडवा जिले में हर्ष की लहर दौड़ गई।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि देश के पहले आदिवासी नेता है जिन्होंने एक ही क्षेत्र से आठ बार लगातार चुनाव जीत कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है, हरसुद क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों को लेकर क्षेत्र की जनता ने इस बार भी ऐतिहासिक मतों से विजय शाह को आशीर्वाद देकर विधायक बनाया, देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल जी के जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा मंत्रिमंडल का गठन कर 28 मंत्री बनाए गए, जिसमें डॉक्टर कुंवर विजय शाह भी कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त कर शामिल है, विजय शाह द्वारा क्षेत्र में किए गए कार्यों को लेकर केंद्र और प्रदेश संगठन के पदाधिकारी द्वारा इस बार भी उन्हें कैबिनेट का मंत्री बनाया गया है।

उल्लेखनीय है कि भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री उमा भारती, बाबूलाल गौर और शिवराज सिंह चौहान के मंत्रिमंडल में सदैव शामिल रहे हैं इस बार उन्हें पांचवी बार मंत्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ हे, 25 दिसंबर को दोपहर 3:30 बजे मंत्री विजय शाह को महामहिम राज्यपाल मंगू भाई ने मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर की उपस्थिति में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई,डॉक्टर कुंवर विजय शाह के मंत्री बनने पर जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल महामंत्री अरुण सिंह मुन्ना राजेश तिवारी सूरजपाल सिंह सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल महापौर अमृता यादव, विधायक कंचन मुकेश तनवे, नारायण पटेल, छाया मोरे, पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा, प्रवक्ता सुनील जैन, समाजसेवी रितेश गोयल, पार्टी कार्यकर्ता संतोष सोनी, गोपाल सोनी, अनूप पटेल, अनिल बाबा, सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामना देते हुए केंद्र और प्रदेश नेतृत्व का आभार माना।

## सराफा एसोसियेशन के आयोजन में बोले विधायक

# गलत करने वालों के खिलाफ हमेशा खड़ा रहूंगाः दोगने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

गलत करने वालों के खिलाफ हमेशा खड़ा रहूंगा। सराफा व्यापरियों को डरने की कोई बात नहीं है। ब्लेकमेल करने वालों के खिलाफ कड़ी और कानूनी कार्रवाई होगी। यह बाते क्षेत्र के विधायक आरके दोगने ने सराफा एसोसिएशन द्वारा आयोजित संगोष्ठी में कही। शहर के एक होटल में सराफा एसोसिएशन और मध्यप्रदेश ज्वेलर्स डेवलॅपमेंट एंड वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में हरदा जिले के सराफा व्यापारियों का सम्मलेन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने और खऊहअ के प्रदेश सचिव एवं राष्ट्रिय गोल्ड हॉलमार्क की शासकीय कमेटी के सदस्य संतोष सराफ थे। अन्य अतिथियों में ऋ़ृरळ विभाग से नरेंद्र कुमार, आयकर विभाग से सुनील पाराशर और पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधि के तौर पर संजय ठाकुर एवं एसके बघेल, कैट जिला अध्यक्ष सरगम जैन भी उपस्थित थे।




विधायक ने व्यवसायियों के साथ खड़े होने का विश्वास दिलाया


संतोष सराफ द्वारा सराफ व्यवसाय से संबंधित अनेक समस्याओं के निराकरण के लिए उपाय बताया गया। इसी क्रम में आयकर अधिकारी पाराशर द्वारा किसी भी व्यक्ति विशेष द्वारा आयकर विभाग के नाम का दुरूपयोग करना और सराफा कारोबारियों या अन्य किसी भी व्यापारियों को आयकर विभाग के नाम से प्रचार करना संगीन अपराध बताया गया। विधायक दोगने ने सराफा व्यवसाय को बदनाम करने वालों तत्वों पर कड़ी कारवाही करने और हरदा के सभी व्यवसायियों के साथ खड़े होने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर 140 से अधिक सराफा व्यवसायी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# देश में सुशासन अटल जी की देन : जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय हरदा में माल्यार्पण करते हुए उनको याद किया।

जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी दीपक नेमा ने बताया कि जिला अध्यक्ष अमर सिंह मीणा ने कहा कि केंद्र हो या प्रदेश सरकार सुशासन की परिकल्पना को साकार कर रही है। यही सपना अटल बिहारी वाजपेई ने देखा था और उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल में इसे मूर्त रूप भी दिया गया था। उनकी 99 जयंती के अवसर पर सभी कार्यकर्ता उनको याद करते हुए उनके किए गए कार्यों से अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक शासन एवं उनकी योजनाओं का लाभ कैसे पहुंचा इस पर संवाद किया गया। इस



अटलजी की जयंती पर हुआ आयोजन

अवसर पर वरिष्ठ नेता मनोहर लाल शर्मा ने अपनी पंक्तियों के माध्यम से 'संघर्ष करो मैदान मत छोड़ो, कुछ किये विना जय जयकार नहीं होती और कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती' अपने श्रद्धा सुमन पंडित जी के चरणों में अर्पित किए। कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा महामंत्री देवी सिंह सांखला, जिला उपाध्यक्ष मनील शर्मा, जिला मंत्री नितेश बादर, कार्यालय मंत्री बलराम काले, युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष सुरेश लाठी मंडल के महामंत्री अजय शर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्रामीण मजदूर संघ की बैठक हुई

**रहटगांव।** वनवासी कृषि ग्रामीण मजदूर संघ (संबद्धता भारतीय मजदूर संघ) की बैठक तहसील रहटगांव के ग्राम बांसपानी में सम्पन्न हुई। बैठक में अयोध्या में बने भव्य भगवान श्री राम के मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर गांव में निमंत्रण देकर सभी गांवों में दिनांक 22 जनवरी को धूम धाम से मनाने को बताया गया। बैठक में मुख्य अतिथि संगठन मंत्री जितेंद्र गुर्जर एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग कार्यवाह आनंद मजमुदार, रघुनंदन रघुवंशी प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं भागीरथ भाटी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं गणेश मर्सकोले जिला अध्यक्ष महामंत्री हीरामन पर्ते सुखलाल जिला सचिव एवं सभी वनवासी कृषि ग्रामीण मजदूर संघ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 25 दिसंबर से 12 जनवरी चलेगा महोत्सव

# कमल युवा खेल महोत्सव उत्सव का मार्च पास्ट निकालकर हुआ शुभारंभ



**हरदा।** अटल बिहारी वाजपेई की जयंती 25 दिसंबर से लेकर स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 12 जनवरी तक हरदा में कमल युवा खेल महोत्सव चलेगा। इसमें विभिन्न प्रकार के खेल जो ओलंपिक की तर्ज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कमल युवा खेल महोत्सव का शुभारंभ मार्च पास्ट निकालकर प्रारंभ किया गया। मार्च पास्ट नेहरू स्टेडियम के बाहर पूरा गोल राउंड निकालकर प्रारंभ किया गया। पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने बताया कि कमल युवा खेल महोत्सव से हरदा के बच्चे देश और प्रदेश में हरदा का नाम को गौरांवित करेंगे। इस कमल युवा खेल महोत्सव से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर हमारे हरदा के बच्चे जाएंगे और हरदा का नाम रोशन करेंगे। हमारा एक ही उद्देश्य है की हरदा हर क्षेत्र में नंबर वन आए आए इसी के उद्देश्य से आज कमल युवा खेल महोत्सव का प्रारंभ किया गया है। जिसमें हजारों बच्चे भाग लेंगे और विभिन्न खेलों के माध्यम से अपना हुनर दिखाएंगे हम सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# घंटाघर के पास स्थित दुकान के गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान

## बिल्डिंग में फंसे 8-10 सदस्यों को आसपास के लोगों की मदद से रेस्क्यू किया

**हरदा।** शहर के मुख्य बाजार घंटाघर के सामने की बिल्डिंग में खिलौने की दुकान में रविवार शाम 8 बजे के करीब अचानक आग लग गई। जिसके बाद बिल्डिंग के ऊपरी हिस्से में रहने वाले करीब 8-10 सदस्यों को आसपास के लोगों की मदद से रेस्क्यू किया गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही तत्काल नगर पालिका की 2 फायर ब्रिगेड घटनास्थल पर पहुंची। जिसकी मदद से आग पर काबू पाया गया।



इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अचानक आग लगने से बिल्डिंग के ऊपरी हिस्से से तेज धुंआ निकलने लगा। इसे देखकर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। जिसके बाद ऊपरी बिल्डिंग के हिस्से में फंसे लोगों को रेस्क्यू करने में जुट गए। हालांकि सभी लोगों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। खिलौने की दुकान के संचालक मदन पेंटर ने बताया कि रविवार होने की वजह से वो दुकान को बंद करके अपने घर पर ही थे। वही दुकान की बिजली भी बंद थीं। उन्हें लोगों ने दुकान में आग लगने की सूचना दी गई। जब तक वह मौके पर पहुंचा। दुकान के ताले तोड़कर आग बुझाई जा रही थी। उन्होंने बताया कि दुकान के अंदर खिलौने रखने का एक कमरा है। जहां करीब दो से तीन लाख से अधिक का सामान भरा हुआ था। आग लगने की वजह से करीब डेढ़ से दो लाख रूपए के नुकसान की आशंका भी जताई जा रही है।

## कल होगी पूर्णाहूती और भंडारा

# शतचंडी महायज्ञ में नौवे दिन 40 जोड़ों ने 28 हजार से अधिक आहुतियां डाली

**खंडवा।** खंडवा श्री नवदुर्गा उत्सव समिति लाल चौकी खंडवा के तत्वावधान में योगारीज 1008 कल्याणदास महाराज, मुख्य यज्ञाचार्य पं. संतोष शास्त्री नरसिंहपुर एवं नर्मदानंद महाराज अमरकंटक के सानिध्य में विजय नगर लाल चौकी में विशाल शतचंडी महायज्ञ में आहुति



तथा नवम दिवस शतचंडी महायज्ञ में मुख्य यजमान अखिलेश गुप्ता, मनीषा गुप्ता सहित 40 जोड़ों ने 28 हजार से अधिक आहुतियां हवनकुंड में प्रदान की। दोपहर में आरती के बाद प्रसादी वितरण किया गया।

शैलेष पालीवाल ने बताया कि सोमवार को शतचण्डी महायज्ञ में नवम दिवस विशेष आहुति के रूप में केसर, गुगल, सरसों, कमल गट्टा की आहुति प्रदान की गई। सोमवार को माता लक्ष्मी के श्री सूक्त के 16 मंत्रो की विशेष आहुति दी गई। हवन के बाद 108 दीपकों से मां भगवती की आरती की गई। आज यज्ञ की पूर्णाहुति, आशीर्वाद, महा आरती के बाद विशाल भंडारा आयोजित होगा, जिसमें नगर की धर्म प्रेमी जनता आमंत्रित है। सायंकाल में शिवकांती तिवारी द्वारा रामकथा के नवम दिवस राम सीता मिलन, अयोध्या में उत्सव का वर्णन किया। इस मौके पर नवदुर्गा उत्सव समिति के सदस्यगण सहित नगर की धर्मप्रेमी जनता उपस्थित थी।

## विभिन्न प्रांतों से संत और साधक आए

# संतश्री लक्ष्मण चैतन्य बापू की पुण्यतिथि पर उमड़े श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

सीमावर्ती श्री वृंदावन धाम आश्रम कस्बा पाल (महाराष्ट्र) में ब्रह्मलीन संतश्री लक्ष्मण चैतन्य बापू की 14वीं पुण्यतिथि पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने उनकी भव्य प्रतिमा के दर्शन किए। इस मौके पर देश के विभिन्न प्रांतों से संत और साधक आए थे। आश्रम के प्रमुख संत गोपाल चैतन्य महाराज सहित अन्य प्रमुख संतों ने भी अपने मुखारविंद से बापू के कार्यों को याद किया। इनमें स्वामी स्वरूपानंद महाराज डोंगरगढ़,संत पवन दास महाराज फैजपुर, संतदास सतवाडा, जर्मन महाराज पंजाब, संत सरसपुरी, बुरहानपुर, संत चित्र प्रकाश वृंदावन, संत भक्ति दास कुसुंबा, संत हरीश आनंद मथुरा आदि प्रमुख हैं। इसके अलावा अन्य प्रमुख संतों में शिव चैतन्य,केशव महाराज, राधे चैतन्य, श्याम चैतन्य,शिव चैतन्य, नवनीत चैतन्य, ब्रज चैतन्य, महेश चैतन्य, ऋषि चैतन्य, शुभ चैतन्य, हरीश चैतन्य, राम चैतन्य उपस्थित थे। इस मौके पर बापू के साधकगणों में उत्तम राठौड़ कन्हैया अग्रवाल और जिसमें देश के प्रमुख संत, महंत और महामंडलेश्वर आ रहे हैं। यह आयोजन, संतश्री गोपाल चैतन्य महाराज के सानिध्य में होगा। इस अवसर पर रावेर के विधायक शिरीष चौधरी की धर्मपत्नी अरुण ताई सहित विभिन्न प्रांतों से भारी संख्या में साधक गण शामिल हुए। सत्संग कार्यक्रम का दिव्य चैतन्य महाराज ने संचालन किया।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस पर्व

**हरदा।** सोमवार को शहर में ईसाई समाज के लोगों ने क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। रविवार रात 12 बजते ही मसीहियों ने केक काटकर क्रिसमस का जश्न मनाया। रंग-बिरंगी रोशनी में नहाए गिरजाघरों में विशेष प्रार्थनाएं की गईं। बच्चों, बड़ों और बुजुर्गों ने यीशु के जन्म के गीत गाए। चर्च के पास्टर अजय त्यौफिल ने कहा कि यीशु मसीह शांति, सौहार्द और खुशियों का पैगाम लेकर आए थे। इसलिए हम सभी को उनके संदेशों का पालन करते हुए जीवन यापन करना चाहिए। ईवेन्जलिकल चर्च के पास्टर त्यौफिल ने कहा कि जब पूरा विश्व पाप के अंधकार में डूबा हुआ था तब परमेश्वर ने यीशु मसीह को इस संसार में उद्धार करता के रूप में भेजा, इसलिए पूरा विश्व यीशु मसीह के जन्म दिवस को मनाता है। रात ठीक 12 बजे प्रभु ईसा मसीह ने जन्म लिया। चर्च के पास्टर ने प्रभु यीशु के प्रतिरूप को हाथों में उठाकर दर्शन कराया, वहां मौजूद मसीही खुशी से झूम उठे। आ गया मरियम की आंखों का तारा, खुशियों में झूम उठा जग सारा...जैसे गीतों की धुन के साथ सभी जश्न में डूब गए।

## दीप प्रज्वलित कर देंगे शहीदों को श्रद्धांजलि

# श्री गुरूसिंघ सभा द्वारा 5:30 बजे से कीर्तन व्याख्यान, दीपदान और श्रद्धाजंलि आज

**खंडवा।** मंगलवार शाम 5:30 पर गत वर्षानुसार इस वर्ष भी वीर बाल दिवस पर श्री गुरूसिंघ सभा द्वारा शहीदों की स्मृति में सभी समाज व संस्थाओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर श्रद्धाजंलि देंगे। देश की संस्कृति बचाने वाले, सिख धर्म के दसवें गुरु-गुरु गोबिंदसिंघ जी के चारों साहबजादे (बेटे) एवं माता गुर्जर कौर जी के शहीदी दिवस को समर्पित केंद्र सरकार द्वारा घोषित वीर बाल दिवस पूरे देश में मनाया जा रहा है।



जानकारी देते हुए ज्ञानी जसवीर सिंह राणा ने बताया कि आयोजन के लिए एक तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लिए निर्णय अनुसार मंगलवार को नगर निगम प्रांगण में श्री गुरु सिंघ सभा खंडवा की तरफ से वीर बाल मनाया जाएगा। जिसमें शहीदों को याद करते हुए गुरबाणी कीर्तन, व्याख्यान होंगे। जिसमे सभी धर्म के धर्म प्रेमी उपस्थित रहेंगे।समाजसेवी सुनील जैन व नारायण बाहेती ने बताया कि गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी धर्म सभी समाज व सभी संस्थाओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर शहीदों की श्रद्धाजंलि दी जाएगी।

बैठक में श्री गुरु सिंह सभा के सचिव सरदार दलजीत सिंह सवजी, उपाध्यक्ष सिंदरपाल सिंह चावला, सुमित सिंह होड़ा, गुरुद्वारा श्री गुरु हरकिशन साहब के अध्यक्ष गुरभेज सिंह होरा, ज्ञानी जसबीर सिंह राणा, रणवीर सिंह चावला, नारायण बाहेती, सुरेन्द्रसिंह सोलंकी, हरदीपसिंह छाबड़ा, गुरविंदर सिंह वाधवा, समाजसेवी सुनील जैन, नागेश वालजंकर, ज्योति वालंजकर, विकास मित्तल ने अपने विचार रखे। श्री गुरु सिंघ सभा खंडवा की तरफ से खंडवा की सभी धर्म प्रेमी लोगों से 26 दिसंबर शाम 5:30 बजे नगर निगम प्रांगण में पहुंचकर शहीदों को श्रद्धाजंलि अर्पित करने की अपील की।